रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

CENTRAL S... LIBRARY
Ho
2/11/99
GOV...

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 631] नई दिल्ली, शुक्रवार, अक्तूबर 15, 1999/आश्विन 23, 1921
No. 631] NEW DELHI, FRIDAY, OCTOBER 15, 1999/ASVINA 23, 1921

मंत्रिमंडल सचिवालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 अक्तूबर, 1999

का. आ. 1036(अ).– राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 77 के खण्ड (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार (कार्य -आबंटन) नियम,1961 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारत सरकार (कार्य-आबंटन) (दो सौ तैंतालीसवां संशोधन) नियम,1999 है ।

(2) ये तुरंत प्रवृत्त होंगे ।

2. भारत सरकार (कार्य -आबंटन) नियम,1961 की,-

(1) प्रथम अनुसूची में,-

(क) '1. कृषि मंत्रालय' शीर्ष के अधीन '(iii) पशुपालन और डेरी विभाग' उपशीर्ष के पश्चात् , निम्नलिखित उपशीर्ष जोड़ा जाएगा, अर्थात् -

'(iv) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग' ;

(ख) '4. कोयला मंत्रालय' शीर्ष का लोप किया जाएगा ।

(ग) '5. वाणिज्य मंत्रालय' शीर्ष और उसके अधीन उपशीर्षों के स्थान पर, निम्नलिखित शीर्ष और उपशीर्ष रखे जाएंगे, अर्थात् :-

'5. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(i) वाणिज्य विभाग
(ii) औद्योगिक विकास विभाग
(iii) औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग
(iv) पूर्ति विभाग ' ;

(घ) '6. संचार मंत्रालय' शीर्ष के अधीन, ' दूरसंचार विभाग' उपशीर्ष के पश्चात्, निम्नलिखित उपशीर्ष जोड़े जाएंगे, अर्थात् :-

"(ii) डाक विभाग' ;

(iii) दूरसंचार सेवा विभाग ';

(ङ) '6. संचार मंत्रालय' शीर्ष और उसके उपशीर्षों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष और उपशीर्ष अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् -

'6क. संस्कृति, युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय'

(i) संस्कृति विभाग
(ii) युवक कार्यक्रम और खेल विभाग ;

(च) '11. खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय' शीर्ष और उसके उपशीर्षों के स्थान पर, निम्नलिखित शीर्ष और उपशीर्ष रखे जाएंगे, अर्थात् -

'11. उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

(i) सार्वजनिक वितरण विभाग ।
(ii) उपभोक्ता मामले विभाग ।
(iii) शर्करा एवं खाद्य तेल विभाग ;

(छ) '12. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय' शीर्ष का लोप किया जाएगा ;

(ज) '13. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय' शीर्ष और उसके अधीन उपशीर्षों के पश्चात् , निम्नलिखित शीर्ष और उपशीर्ष जोड़े जाएंगे, अर्थात्-

'13क. भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

(i) भारी उद्योग विभाग ।
(ii) लोक उद्यम विभाग ;

(झ) '15. मानव संसाधन विकास मंत्रालय' शीर्ष के अधीन, उसके उपशीर्षों के स्थान पर, निम्नलिखित उपशीर्ष रखे जाएंगे, अर्थात् -

'(i) प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग ।
(ii) माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग ।
(iii) महिला और बाल विकास विभाग' ;

(ञ) '16. उद्योग मंत्रालय' शीर्ष और उसके अधीन उपशीर्षों का लोप किया जाएगा ;

(ट) '17. सूचना और प्रसारण मंत्रालय' शीर्ष के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :-

'17क. सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय' ;

(ठ) '19. विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय' शीर्ष और उसके अधीन उपशीर्षों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात्-

'20. खान और खनिज मंत्रालय

(i) कोयला विभाग
(ii) खान विभाग' ;

(ड) '25. योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' शीर्ष और उसके अधीन उपशीर्षों के स्थान पर, निम्नलिखित शीर्ष रखा जाएगा, अर्थात् :-

'25. योजना मंत्रालय

(ढ) '28. ग्रामीण विकास मंत्रालय' शीर्ष के अधीन, '(ii) भूमि संसाधन विभाग' उपशीर्ष के पश्चात् , निम्नलिखित उपशीर्ष जोड़ा जाएगा, अर्थात्-

"(iii)पेय जल पूर्ति विभाग' ;

(ण) '29. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय' शीर्ष और उसके अधीन उपशीर्षों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् -

'29क. लघु उद्योग और कृषि एवं ग्रामीण उद्योग मंत्रालय

29ख. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय';

(त) '30. इस्पात और खान मंत्रालय' शीर्ष और उसके अंतर्गत उपशीर्षों के स्थान पर, निम्नलिखित शीर्ष रखा जाएगा, अर्थात् :-

'30. इस्पात मंत्रालय' ;

(थ) '31. जल-भूतल परिवहन मंत्रालय' शीर्ष के अधीन, निम्नलिखित उपशीर्ष अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :-

'(i) पोत परिवहन विभाग ।
(ii) सड़क परिवहन और राजमार्ग विभाग ';

(द) '32क. पर्यटन मंत्रालय' शीर्ष के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् -

'32ख. जनजाति कार्य मंत्रालय

(ध) '33.शहरी विकास मंत्रालय' शीर्ष के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष अंत:स्थापित किया जाएगा, अर्थात् -

'33क. शहरी रोजगार और गरीबी उपशमन मंत्रालय ';

(न) '37. इलैक्ट्रानिकी विभाग ' शीर्ष का लोप किया जाएगा' ।

(2) द्वितीय अनुसूची में,-

(क) 'कृषि मंत्रालय' शीर्ष के अधीन, 'ग. पशुपालन और डेरी विभाग' उप-शीर्ष और उसके अधीन प्रविष्टियों के पश्चात् , निम्नलिखित उपशीर्ष और उससे संबंधित प्रविष्टियां जोड़ी जाएंगी, अर्थात्:-

'घ. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग विभाग

1. वे उद्योग, जिनके लिए संसद ने विधि द्वारा घोषणा की है कि उन पर संघ का नियंत्रण लोकहित में वहां तक समीचीन है, जहां तक वे निम्नलिखित से संबंधित है :

(क) कुछ कृषि उत्पादों (दुग्ध चूर्ण, शिशु दुग्ध आहार,माल्ट मिश्रित दुग्ध आहार,संघनित दुग्ध,घी और अन्य डेरी उत्पाद) कुक्कुट और अंडे,मांस और मांस उत्पादों का संसाधन और प्रशीतन ;

(ख) मछलियों का संसाधन (जिसके अंतर्गत डिब्बाबंदी और हिमीकरण भी सम्मिलित है) ;

(ग) मत्स्य संसाधन उद्योग के लिए विकास परिषद का स्थापन और उसकी प्रबंध व्यवस्था ;

(घ) मत्स्य संसाधन उद्योगों को तकनीकी सहायता और सलाह;

(ङ.) फल और सब्जी संसाधन उद्योग (जिसके अंतर्गत हिमीकरण और निर्जलीकरण भी हैं) ; और

(च) खाद्यान्न पिसाई उद्योग ।

2. उन उद्योगों की योजना, विकास, नियंत्रण और सहायता जो डबल रोटी, तिलहन, चूर्ण (खाने योग्य), नास्ते के आहार, बिस्कुट, मिष्ठान (जिसके अंतर्गत कोको संसाधन और चाकलेट बनाना भी है), माल्ट सार, पृथक्कृत प्रोटीन, उच्च प्रोटीन आहार, स्तनय त्याग आहार और उत्सारित खाद्य उत्पाद, (जिसके अंतर्गत तत्काल खाने योग्य अन्य आहार भी हैं) से संबंधित है ।

3. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए विशिष्ट पैकेजिंग ।

4. बीयर जिसके अंतर्गत नान अल्कोहली बीयर भी है ।

5. ऐसे एल्कोहली पेय जिनका आधार शीरे पर न हो ।

6. वातित जल और सुपेय ।

7. माडर्न फूड इंडस्ट्रीज (इंडिया) लिमिटेड ।

8. नार्थ ईस्टर्न रीजनल एग्रीकल्चरल मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड ।';

(ख) 'कोयला मंत्रालय' शीर्ष और उसके अंतर्गत प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा ;

(ग) 'वाणिज्य मंत्रालय' शीर्ष और उपशीर्षों तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित शीर्ष, उपशीर्ष तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात्-

' वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

क. वाणिज्य विभाग

I साधारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति

1. अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक नीति ।

2. वाणिज्यिक नीति से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय अभिकरण (जैसे कि यू.एन.सी.टी.ए.डी., ई.एस.सी.ए.पी., ई.सी.ए., ई.सी.एल.ए., ई.ई.सी., ई.एफ.टी.ए., जी.ए.टी.टी.) ।

3. गेहूं से संबंधित करार से भिन्न अंतर्राष्ट्रीय वस्तु करार ।

4. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नीति से संबंधित सभी विषय जिनमें टैरिफ और टैरिफ इतर अवरोध भी है ।

II विदेश व्यापार

5. विदेश व्यापार से संबंधित सभी विषय जिनमें व्यापार वार्ता और करार (जिनमें टैरिफ और व्यापार विषयक साधारण करार और राष्ट्रमंडल टैरिफ अधिमान सम्मिलित हैं), व्यापार मिशन और प्रतिनिधिमंडल, व्यापार सहयोग और संवर्धन और विदेशस्थ भारतीय व्यापारियों के हितों का संरक्षण सम्मिलित है ।

6. आयात और निर्यात व्यापार नीति और नियंत्रण जिसमें निम्नलिखित विषय सम्मिलित नहीं है :

   (i) कथा चित्रों का आयात ;
   (ii) भारतीय फिल्मों का निर्यात, दीर्घ और लघु कथाचित्र दोनों ; और
   (iii) फिल्म उद्योग द्वारा अपेक्षित सिनेफिल्म (अनुभासित) और अन्य वस्तुओं का आयात और वितरण ।

7. मुख्य नियंत्रक, आयात और निर्यात ।

III राज्य व्यापार

8. राज्य व्यापार नीतियां तथा इस प्रयोजन के लिए स्थापित संगठनों का कार्य निष्पादन जिसमें निम्नलिखित भी है :

   (i) राज्य व्यापार निगम तथा उसके सहायक संगठन जिसमें हस्तशिल्प और हैन्डलूम निर्यात निगम तथा केन्द्रीय कुटीर उद्योग निगम नहीं है ।

   (ii) खनिज और धातु व्यापार निगम तथा उसके सहायक संगठन ।

IV शत्रु के साथ व्यापार : शत्रु संपत्ति-

9. शत्रु के साथ व्यापार; शत्रु फर्में और शत्रु संपत्ति हानिपूर्ति (जर्मन औद्योगिक उपस्कर से भिन्न); शत्रु व्यापार नियंत्रक; शत्रु फर्मों के नियंत्रक; भारत के लिए शत्रु संपत्ति अभिरक्षक ।

10. टैरिफ आयोग से संबंधित अवशिष्ट कार्य सहित अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क टैरिफ ब्यूरो ।

11. सभी वस्तुओं, उत्पादों, विनिर्माणों और अर्ध-विनिर्माणों से संबंधित निर्यात उत्पाद का विकास और विस्तार जिसमें निम्नलिखित भी हैं :

(क) कृषि उपज (श्रेणीकरण और चिह्नांकन) अधिनियम, 1937 (1937 का 1) के अंतर्गत आने वाली कृषि उपज ;

(ख) समुद्री उत्पाद ;

(ग) औद्योगिक उत्पाद (इंजीनियरी सामान, रसायन, प्लास्टिक, चमड़ा उत्पाद, आदि) ;

(घ) ईंधन, खनिज और खनिज उत्पाद ;

(ङ) विनिर्दिष्ट निर्यातोन्मुख उत्पाद (जिनमें बागान उपज आदि तो आते हैं किन्तु पटसन उत्पाद और हस्तशिल्प नहीं आते हैं जो प्रत्यक्षत: इस विभाग के नियंत्रण में हैं)

12. वे सभी संगठन और सभी संस्थाएं, जो निर्यात उद्यम से संबंधित सेवाओं की व्यवस्था से संबंधित हैं , जिनमें निम्नलिखित भी हैं :

(क) निर्यात साख और प्रत्याभूति निगम ।
(ख) निर्यात निरीक्षण परिषद् ।
(ग) वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय ।
(घ) भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन ।
(ङ) मुक्त व्यापार क्षेत्र ।

13. विदेशों में विभिन्न उद्योग स्थापित करने में सहायता के संबंध में नोडल उत्तरदायित्व।

14. निर्यात उद्यम के लिए प्रोत्साहन और सहायता देने के लिए परियोजनाएं और कार्यक्रम।
15. बागान उपज, चाय, काफी,रबड़ और इलायची का उत्पादन, वितरण (देश में खपत और निर्यात के लिए) और विकास ।
16. देश में खपत और निर्यात के लिए इंस्टैंट चाय और इंस्टैंट काफी का संसाधन और वितरण ।
17. **(i)** भारतीय चाय व्यापार निगम ।

(ii) चाय बोर्ड ।

(iii) काफी बोर्ड ।

(iv) रबड़ बोर्ड ।

(v) इलायची बोर्ड ।

(vi) तम्बाकु बोर्ड ।

(ख) औद्योगिक विकास विभाग

I औद्योगिक नीति

1. औद्योगिक प्रबंध

2. उद्योगों में उत्पादकता

II औद्योगिक सहकारिता

3. सहकारी चीनी कारखानों के सिवाय, औद्योगिक सेक्टर में सहकारिता ।

4. भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 (1923 का 5) और तद्धीन बनाए गए विनियमों का प्रशासन ; केन्द्रीय बायलर बोर्ड ।

5. विस्फोटक- विस्फोटक अधिनियम, 1884 (1884 का 4) और तद्धीन बनाए गए नियमों का प्रशासन, किन्तु विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908 (1908 का 6) का नहीं ।

6. ज्वलनशील पदार्थ अधिनियम, 1952 (1952 का 20) ।

III. उद्योग और औद्योगिक तथा तकनीकी विकास

7. ओटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन, पूना ।

8. राष्ट्रीय सीमेंट और भवन सामग्री परिषद् ।

9. इंडियन रबड़ मैन्युफैक्चर्स रिसर्च एसोसिएशन , मुंबई ।

IV. पेटेंट और डिजाइन, आदि

10. अंतर्राष्ट्रीय उत्पादों और कच्ची सामग्री का मानकीकरण ।

11. डिजाइन अधिनियम, 1911 (1911 का 2) ।

12. व्यापार और पण्य चिह्न अधिनियम, 1958 (1958 का 43) ।

13. पेटेंट अधिनियम, 1970 (1970 का 39) ।

V. सामग्री योजना

14. उत्पादों के विशिष्ट समूहों और उपलभ्य क्षमता में सेक्टरों, उद्योगों और बड़े एककों द्वारा की गई कच्चे माल की मांगों का समन्वित निर्धारण ।

15. आयात प्रतिस्थापन की साध्यता का सम्यक ध्यान रखते हुए देशी कच्चे माल की उपलब्धता का निर्धारण ।

16. तालिकाओं के लिए सम्यक छूट का ध्यान रखते हुए कच्चे माल के आयात की आवश्यकताओं का निर्धारण ।

17. कच्चे माल के आबंटन के लिए सिद्धांतों, पूर्विकताओं और प्रकियाओं का अवधारण।

18. सामग्री योजना से संबंधित सभी अन्य मामले ।

VI. अन्य विषय

19. इस सूची में विनिर्दिष्ट विषयों में से किसी से संबंधित सभी संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय अथवा अन्य संगठन ।

ग. औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग

I. औद्योगिक नीति

1. साधारण औद्योगिक नीति ।

2. उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 (1951 का 65) का प्रशासन ।

II. उद्योग और औद्योगिक तथा तकनीकी विकास

3. सभी उद्योगों की योजना, विकास, नियंत्रण और सहायता जिसमें किसी अन्य विभाग के अंतर्गत आने वाले उद्योग नहीं आते ।

4. नागर विमानन मंत्रालय और रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग के परामर्श से बनाए जाने वाले सिविल वायुयान के उत्पादन के लिए उद्योगों की स्थापना के लिए अनुज्ञप्तियां जारी करना ।

5. केबिल ।

6. हल्के इंजीनियरी उद्योग (उदाहरणार्थ सिलाई मशीनें , टाइपराइटर,तोलने की मशीनें, बाइसिकिल आदि) ।

7. हल्के उद्योग (उदाहरणार्थ प्लाईवुड,लेखन सामग्री,दिया सलाई,सिगरेट, आदि)।

8. हल्के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी उद्योग ।

9. अप्रयुक्त फिल्में ।

10. हार्ड बोर्ड ।

11. कागज और अखबारी कागज ।

12. टायर और ट्यूब ।

13. नमक ।

14. सीमेंट ।

15. तकनीकी विकास जिसके अंतर्गत औद्योगिक लागत और कीमत ब्यूरो तथा संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन भी है ।

16. साबुन और अपमार्जक ।

17. विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड ।

18. औद्योगिक और सेवा परियोजनाओं में प्रत्यक्ष विदेशी और अनिवासी भारतीय निवेश ।

घ. पूर्ति विभाग

1. केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय/विभागों को, जिसके अंतर्गत उनसे संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालय और संघ राज्य क्षेत्र भी हैं , के लिए सामग्रियों का क्रय और भण्डार निरीक्षण, उन मदों से भिन्न, जिनका क्रय और सामग्रियों का निरीक्षण किसी साधारण या विशेष आदेश द्वारा अन्य प्राधिकारियों को प्रत्यायोजित किया गया है ।

2. उन राज्य सरकारों , पब्लिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, अर्ध-सरकारी निकायों, आदि की ओर से सामग्रियों का क्रय और निरीक्षण जो इस विभाग की सेवाओं का फायदा उठाना चाहते हैं ।

3. उक्त प्रविष्टि 1 और 2 में निर्दिष्ट प्राधिकरियों की ओर से (पूर्ति और निपटान महानिदेशालय) विभाग द्वारा दी गयी संविदाओं के संबंध में की गई पूर्ति के लिए संदाय की व्यवस्था करना ।

4. विभाग द्वारा दिए गए आदेशों और केन्द्रीय सरकार के अन्य विभागों, राज्य सरकारों, स्वशासी निकायों, आदि द्वारा दिए गए आदेशों के संबंध में आयातित सामग्री की निकासी की व्यवस्था करना, यदि ऐसा करना आवश्यक हो ।

5. जहां आवश्यक हो, विभाग द्वारा दी गई संविदाओं के संबंध में या जहां ऐसा कार्य इस विभाग को अन्य प्राधिकारियों द्वारा सौंपा जाए , वहां सामग्री की लदाई की व्यवस्था करना ।

6. ऐसी अधिशेष सामग्रियों का निपटान जो, उनसे भिन्न हैं जिनके लिए विभिन्न प्राधिकारियों को साधारण या विशेष आदेश द्वारा शक्तियां प्रत्यायोजित की गई हैं ।

7. सामग्रियों, उत्पादों,उपकरणों और प्रणालियों की जांच और मूल्यांकन; जांच प्रौद्योगिकी तथा संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान और विकास ; तथा सोपानक-II के स्तर में अंशशोधन और जांच आंकड़ों, आदि का अनुरक्षण ।

8. भारतीय पूर्ति सेवा का संवर्ग प्रबंध और उक्त सेवा के लिए प्रशिक्षण, वृत्ति योजना और जन शक्ति योजना से संबंधित सभी विषय ।

9. भारतीय निरीक्षण सेवा का संवर्ग प्रबंध और उक्त सेवा के लिए प्रशिक्षण, वृत्ति योजना और जन शक्ति योजना से संबंधित सभी विषय ।

10. निम्नलिखित का प्रशासन :

(क) पूर्ति और निपटान महानिदेशालय, नई दिल्ली ।
(ख) मुख्य लेखा नियंत्रक का कार्यालय, नई दिल्ली ।
(ग) नेशनल टेस्ट हाउस, अलीपुर, कलकत्ता ।' ;

(घ) 'संचार मंत्रालय' शीर्ष के अंतर्गत, उपशीर्षों और उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् -

'क. दूरसंचार विभाग'

1. दूरसंचार विभाग से संबंधित विषयों के बारे में अन्य देशों के साथ की गई संविदाओं और करारों का कार्यान्वयन ।

2. तार, टेलीफोन, बेतार, आंकड़े, प्रतिकृति संबंधी और टेलीमेटिक सेवाओं के नीतिगत विषय तथा संचार के ऐसे ही अन्य रूप ।

3. दूरसंचार से संबंधित मामलों में अंतर्राष्ट्रीय संबंध, जिनके अंतर्गत इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आई0टी0यू0) इंटरनेशनल फ्रीक्वेंसी रेगुलेशन बोर्ड (आई0एफ0आर0बी0) , कंसल्टेटिव कमेटी ऑन इंटरनेशनल टेलीग्राफ एंड टेलीफोन्स (सी0सी0आई0 टी0टी0), कंसल्टेटिव कमेटी ऑन इंटरनेशनल रेडियो (सी0सी0आई0आर) इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन सटेलाइट आर्गेनाइजेशन (इंटलेसेट) इंटरनेशनल मैरीटाइम सेटेलाइट आर्गेनाइजेशन (इनमारसैट), एशिया पैसिफिक टेलीकम्युनिकेशन (ए0टी0पी0) जैसे दूरसंचार के संबंध में कार्रवाई करने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय निकायों से संबंधित मामले भी हैं ।

4. दूरसंचार में अनुसंधान और विकास का संवर्धन ।

5. इस सूची के किसी भी मामले की बाबत विधि का प्रशासन, अर्थात्:

(i) भारतीय तार अधिनियम, 1885 (1885 का 13) ।
(ii) भारतीय बेतार-तार यांत्रिक अधिनियम, 1933 (1933 का 17) ।
(iii) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24) ।

6. दूरसंचार विभाग के नियंत्रणाधीन कार्मिकों से संबंधित सभी मामले ।

7. दूरसंचार प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए तथा दूरसंचार कार्यक्रम के लिए पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार करने के लिए आर्थिक सहायता जिसके अंतर्गत निम्नलिखित भी हैं :

(i) उच्च वैज्ञानिक अध्ययन और अनुसंधान के लिए संस्थाओं, वैज्ञानिक संस्थाओं और विश्वविद्यालयों को सहायता ; और
(ii) शैक्षिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रों को छात्रवृत्तियां मंजूर करना और व्यक्तियों को अन्य प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान करना जिनमें ऐसे व्यक्ति भी सम्मिलित हैं जो दूरसंचार के क्षेत्र में अध्ययन के लिए विदेश जाते हैं ।

8. दूरसंचार विभाग द्वारा अपेक्षित सामग्री और उपस्कर की अधिप्राप्ति ।

9. दूरसंचार विभाग से संबंधित वित्तीय मंजूरियां ।

10. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ।

11. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी भी मामले की बाबत विधि का प्रशासन, अर्थात्:

(i) भारतीय तार अधिनियम, 1885 (1885 का 13) ।
(ii) भारतीय बेतार-तार यांत्रिक अधिनियम, 1933 (1933 का 17) ।
(iii) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 (1997 का 24) ।

12. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी मामले के प्रयोजन के लिए पूछताछ और आंकड़े ।

13. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी भी मामले के संबंध में फीस,किन्तु इसमें किसी न्यायालय में ली जाने वाली फीस सम्मिलित नहीं है ।

14. दूर-संचार आयोग ।

ख. डाक विभाग

1. अन्य देशों के साथ ऐसी संधियों और करारों का कार्यान्वयन जिनका संबंध डाक विभाग में व्यवहृत मामलों से है ।
2. डाक विभाग के पूंजी बजट के प्रति विकलनीय संकर्मों का निष्पादन और भूमि का क्रय ।
3. डाक, जिसके अंतर्गत डाकघर बचत बैंक (प्रशासन) , डाकघर प्रमाण-पत्र (प्रशासन) और डाकघर जीवन-बीमा निधि (प्रशासन) भी है ।
4. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय से संबंधित विधियों के विरूद्ध अपराध ।
5. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय के प्रयोजन के लिए जांच और आंकड़े ।

6. इस सूची में विनिर्दिष्ट विषयों में से किसी की बाबत फीस किन्तु इसके अन्तर्गत किसी न्यायालय में ली जाने वाली फीस नहीं है ।

ग. दूर संचार सेवा विभाग

1. दूर - संचार से संबंधित पूंजीगत बजट के प्रति विकलनीय संकर्मों का निष्पादन, जिसके अन्तर्गत भूमि का क्रय और अर्जन भी है ।

2. तार, टेलिफोन, बेतार, आंकड़े, प्रतिकृति संबंधी और टेलिमेटिक सेवाएं तथा संचार के ऐसे ही अन्य रूप से संबंधित नीतिगत मामलों से भिन्न सभी मामले ।

3. भारतीय टेलिफोन उद्योग लिमिटेड, हिन्दुस्तान टेलिप्रिन्टर्स लि0, महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड़, विदेश संचार निगम लिमिटेड़ और टेलिकम्यूनिकेशंस कंसल्टेंट्स (इन्डिया) लिमिटेड़ ।

4. दूरसंचार सेवा विभाग के नियंत्रणाधीन कार्मिकों से संबंधित सभी मामले ।

5. टेलीमेटिक्स विकास केन्द्र (सी-डॉट) से संबंधित सभी मामले ।

6. दूरसंचार सेवा विभाग द्वारा अपेक्षित सामग्री और उपस्कर की अधिप्राप्ति ।

7. दूरसंचार सेवा विभाग से संबंधित वित्तीय मंजूरियां ।

8. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी भी मामले के प्रयोजन के लिए जांच और आंकडे ।

9. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय के भी बाबत फीस किन्तु इसके अंतर्गत किसी न्यायालय में ली जाने वाली फीस नहीं है ।';

(ङ.) 'संचार मंत्रालय' शीर्ष और तद्धीन उपशीर्षों और प्रविष्टियों के पश्चात् , निम्नलिखित शीर्ष, उपशीर्ष और तत्संबंधी प्रविष्टियां अंत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात्:

'संस्कृति, युवक कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

क. संस्कृति विभाग

1. राष्ट्रीय पुस्तकालय ; भारतीय संग्रहालय ; भारतीय युद्ध स्मारक संग्रहालय; विक्टोरिया स्मारक ऐशियाटिक सोसाइटी ; कलकत्ता और भारतीय युद्ध स्मारक तथा ऐसी सभी अन्य संस्थाएं जिनका वित्त पोषण पूर्णत: या अंशत: भारत सरकार द्वारा किया जाता है और जो संसद ने विधि द्वारा राष्ट्रीय महत्व की संस्थाएं घोषित की हैं ।

2. राष्ट्रीय सांस्कृतिक संपत्ति संरक्षण अनुसंधान प्रयोगशाला, लखनऊ ।

3. पुरातत्व, पुरातत्त्वीय संग्रहालय ।

4. प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्त्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (1958 का 24) और प्राचीन संस्मारक परिरक्षण अधिनियम, 1904 (1904 का 7) ।

5. ऐतिहासिक और पुरातत्त्वीय अवशेषों के उत्खनन और खोज कार्य के लिए विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थाओं को अनुदान ।

6. सशस्त्र संघर्ष की दशा में सांस्कृतिक सम्पत्ति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय अभिसमय ।

7. स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास ।

8. जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक निधि ।

9. गांधी स्मृति समिति और गांधी दर्शन का प्रशासन ।

10. पुस्तक और समाचार पत्र परिदान (सार्वजनिक पुस्तकालय) अधिनियम और प्रैस और पुस्तक रजिस्ट्रेशन अधिनियम (जहां तक कि केन्द्रीय सरकार को पुस्तकें और सूची – पत्र देने का संबंध है) ।

11. ललित कलाओं की अभिवृद्धि ।

12. साहित्य, ललित कला और संगीत नाटक अकादमियां ।

13. केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय; केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय, कलकत्ता; रामपुर रजा लाइब्रेरी, रामपुर; दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी; इंडिया आफिस लाइब्रेरी; राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली; सालारजंग संग्रहालय और पुस्तकालय, हैदराबाद; खुदाबख्श ओरिएण्टल पब्लिक लाइब्रेरी; नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय; गांधी दर्शन समिति; राष्ट्रीय चित्र दीर्घा; राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली; सांस्कृतिक स्रोत और प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली; राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कलकत्ता और इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद; संग्रहालयों का व्यापक विकास ।

14. रत्न और आभूषण संग्रहालय ।

15. राष्ट्रीय नवकला भवन, नई दिल्ली ।

16. भारतीय और विदेशी कला वस्तुओं का अर्जन ।

17. निखात निधि; पुरावशेष तथा बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम, 1972 (1972 का 52) तथा पुरावशेषों का निर्यात ।

18. ग्रामीण क्षेत्रों में खुली नाट्यशालाएं और राज्यों की राजधानियों में नाट्यशालाएं ।

19. सूचना और प्रसारण मंत्रालय की स्कीम के अधीन आने वाले प्रवर्गों के लेखकों और कलाकारों से भिन्न निर्धनावस्था वाले लेखकों और कलाकारों को या उनके उत्तरजीवियों को वित्तीय सहायता ।

20. दान और पूर्त संस्थाएं, इस विभाग में व्यवहृत विषयों से संबद्ध दान और धार्मिक विन्यास ।

21. इस विभाग में व्यवहृत विषयों के संबंध में छात्रवृत्तियां जिसके अंतर्गत विदेशी सरकारों और विदेशी अभिकरणों द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां भी हैं ।

22. दुर्लभ हस्तलेखों का प्रकाशन ।

23. अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्थाओं को अनुदान ।

24. भारतीय विदेशी सांस्कृतिक सोसाइटियों को अनुदान ।

25. दूसरे देशों के साथ सांस्कृतिक करार और मैत्री संधियां ।

26. विदेशों से दान में प्राप्त पुस्तकों का वितरण ।

27. विदेशों में सांस्कृतिक अताशियों की नियुक्ति ।

28. समर्थित और असमर्थित सांस्कृतिक शिष्टमंडलों, आदि द्वारा भारत का परिदर्शन ।

29. विदेश परिदर्शन के लिए सरकार द्वारा समर्थित व्यक्ति (जिसके अंतर्गत सांस्कृतिक व्याख्याता भी हैं) ।

30. विदेशों को पुस्तकें भेंट करना ।

31. विदेशों में पुस्तकालयों की स्थापना ।

32. भारतीय वरेण्य ग्रंथों का विदेशी भाषाओं में अनुवाद ।

33. शासकीय प्रकाशनों का विदेशी सरकारों और संस्थाओं के साथ विनिमय और ऐसे विनिमयों के लिए करार ।

34. विदेशों में भारतीय कला वस्तुओं का प्रदर्शन ।

35. सांस्कृतिक संस्थाओं में विदेशी विद्यार्थियों का प्रवेश ।

36. सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के अधीन कलाकारों, नर्तकों/नर्तकियों, संगीतज्ञों, आदि का विनिमय ।

37. गजेटियरों का पुनरीक्षण ।

38. महत्वपूर्ण व्यक्तियों की शताब्दियां और वार्षिकोत्सव मनाना ।

39. इस विभाग द्वारा व्यवहृत विषयों से संबंधित सूचना और आंकड़ों का प्रकाशन।

40. इंटरनेशनल कांग्रेस ऑव ओरियंटलिस्टस ।

41. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण ।

42. भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार ।

43. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय ।

44. राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, कलकत्ता ।

45. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी से संबंधित अन्य सब संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय या अन्य संगठन ।

46. रवीन्द्र रंगशाला ।

47. आंचलिक सांस्कृतिक केन्द्र ।

48. राष्ट्रीय संस्कृति परिषद ।

49. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आई0जी0एन0ए0) ।

50. राष्ट्रीय नाट्यगृह ।

ख. युवक कार्यक्रम और खेल विभाग

1. कीड़ा नीति ।

2. कीड़ा और खेल ।

3. खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय कल्याण निधि ।

4. नेताजी सुभाष राष्ट्रीय कीड़ा संस्थान ।

5. भारतीय क्रीड़ा प्राधिकरण ।

6. भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन और राष्ट्रीय खेल परिसंघ से संबंधित मामले ।

7. विदेशों में टूर्नामेंट में भारतीय कीड़ा टीमों द्वारा भाग लेना और भारत में अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में विदेशी क्रीड़ा टीमों द्वारा भाग लेना ।

8. राष्ट्रीय कीड़ा पुरस्कार, जिसके अंतर्गत अर्जुन पुरस्कार भी है ।

9. क्रीड़ा छात्रवृत्तियां ।

10. विदेशों के साथ खिलाड़ियों, युवा प्रतिनिधि मंडल, विशेषज्ञों और टीमों का आदान-प्रदान।

11. क्रीड़ा अवसंरचना जिसके अंतर्गत ऐसी अवसंरचना के सृजन और विकास के लिए वित्तीय सहायता भी है ।

12. कोच करने, टूर्नामेंट, उपस्कर आदि के लिए वित्तीय सहायता ।

13. संघ राज्य क्षेत्रों से संबंधित क्रीड़ा मामले ।

14. युवा कार्यक्रम ।

15. नेहरू युवक केन्द्र ।

16. राष्ट्रीय सेवा स्कीम ।

17. स्वयंसेवी युवा संगठन, जिसके अंतर्गत उनको दी जाने वाली वित्तीय सहायता भी है ।

18. राष्ट्रीय सेवा स्वयंसेवी स्कीम ।

19. राष्ट्रमंडल युवा कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र स्वयंसेवक ।

20. युवा कल्याण कियाकलाप, युवा उत्सव, वर्क कैम्प,आदि ।

21. ब्वाय - स्काउट और गर्ल गाइड ।

22. युवा हास्टल ।

23. राष्ट्रीय युवा पुरस्कार ।

24. भूतपूर्व राष्ट्रीय अनुसंधान स्कीम का अवशिष्ट कार्य ।

25. विभाग द्वारा स्थापित ऐसे सभी संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय और स्वशासी निकाय जो उपर्युक्त विनिर्दिष्ट किसी विषय से संबंधित है ।

26. शारीरिक शिक्षा ।';

(छ) 'खाद्य और उपभोक्ता मामले मंत्रालय' शीर्ष और उपशीर्षों तथा उनसे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित शीर्ष, उपशीर्ष और उनसे संबंधित प्रविष्टियां रखी जाएंगी, अर्थात् :

'उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

क. सार्वजनिक वितरण विभाग

1. खाद्य से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेनों, संगमों और अन्य निकायों अर्थात् अंतर्राष्ट्रीय गेहूं परिषद, विश्व खाद्य परिषद्, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान, खाद्य सुरक्षा संबंधी आयोग/समितियों में भाग लेना और उनमें लिए गए विनिश्चयों का कार्यान्वयन ।

2. विदेशों से संधि और करार करना और खाद्यान्नों तथा अन्य खाद्य पदार्थों में व्यापार और वाणिज्य के संबंध में विदेशों से की गई संधियों, करारों और अभिसमयों को कार्यान्वित करना ।

3. खाद्यान्नों जिनमें शर्करा भी है, के भंडारण के लिए गोदामों को भाड़े पर लेना और अर्जित करना तथा खाद्यान्न गोदामों के निर्माण के लिए भूमि को पट्टे पर लेना या अर्जित करना ।

4. इस विभाग के अधीनस्थ और सम्बद्ध कार्यालयों से संबंधित मामले ।

5. भारतीय खाद्य नियम और केन्द्रीय भाण्डागार निगम से संबंधित मामले ।

6. इस विभाग को आबंटित किसी विषय के संदर्भ में विधियों के विरुद्ध अपराध ।

7. इस विभाग को आबंटित विषयों में से किसी के प्रयोजन के लिए जांच और आंकड़ें।

8. इस विभाग को आबंटित विषयों में से किसी की बाबत फीसें, उन फीसों के सिवाय जो न्यायालय में ली जाती हैं ।

9. सिविल आवश्यकताओं के लिए खाद्य पदार्थों का क्रय और वितरण तथा सेना के लिए भी शर्करा, चावल और गेहूं का क्रय ।

10. खाद्यानों और अन्य खाद्य पदार्थों के संबंध में अंतरराज्यिक व्यापार और वाणिज्य ।

11. खाद्यानों का व्यापार और वाणिज्य, तथा पूर्ति और वितरण ।

12. खाद्यानों से भिन्न, खाद्य पदार्थों का व्यापार और वाणिज्य तथा उत्पादन, पूर्ति और वितरण ।

13. खाद्यानों और खाद्य पदार्थों का कीमत नियंत्रण ।

14. भारतीय खाद्य निगम से संबंधित मामले ।

15. सार्वजनिक वितरण प्रणाली ।

16. जहां तक कि खाद्यानों का संबंध है, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955(1955 का 10) और चोर-बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1980 (1980 का 7)

17. इस विभाग को आबंटित विषयों में से किसी के संबंध में विधियों के विरुद्ध अपराध ।

18. इस विभाग को आबंटित किसी भी विषय के प्रयोजन के लिए जांच और आंकड़े ।

ख. उपभोक्ता मामले विभाग

1. आंतरिक व्यापार ।

2. अंतर्राज्यिक व्यापार : स्पिरिटयुक्त निर्मिति (अंतर्राज्यिक व्यापार और वाणिज्य) नियंत्रण अधिनियम, 1955 (1955 का 39) ।

3. वायदा व्यापार का नियंत्रण : अग्रिम संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1952 (1952 का 74) ।

4. आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) (ऐसी आवश्यक वस्तुओं का प्रदाय, कीमतें और वितरण, जो किसी अन्य मंत्रालय/विभाग द्वारा विनिर्दिष्टत: व्यवहृत नहीं है)।

5. चोर बाजारी निवारण और आवश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम, 1980 (1980 का 7); उसके अधीन निरोध के अध्यधीन व्यक्ति ।

6. पैक की हुई वस्तुओं का विनियमन ।

7. विधिक माप विज्ञान में प्रशिक्षण ।

8. संप्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम, 1952 (1952 का 12)

9. बाट और माप मानक । बाट और माप-मानक अधिनियम, 1976 (1976 का 60)

10. भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 (1986 का 63) ।

11. इस सूची में विनिर्दिष्ट विषयों में से किसी से संबंधित सभी संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय या अन्य संगठन जिसमें वायदा बाजार आयोग, मुम्बई भी है ।

12. उपभोक्ता सहकारी समितियां ।

13. आवश्यक वस्तुओं और उपलब्धता की कीमतों का परिवीक्षण ।

14. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 का 68) ।

ग. शर्करा और खाद्य तेल विभाग ।

1. वे उद्योग जिनके लिए संसद ने विधि द्वारा घोषणा की है कि उनपर संघ का नियंत्रण लोक हित में समीचीन है, जहां तक उनका संबंध वनस्पति , तिलहन, वनस्पति तेलों, खली और वसा से है ।

2. वनस्पति, तिलहन, वनस्पति तेलों, खली और वसा की कीमतों का नियंत्रण और उनमें अंतर्राज्यिक व्यापार तथा वाणिज्य और उनकी पूर्ति एवं वितरण ।

3. वनस्पति, वनस्पति तेल और वसा निदेशालय ।

4. वे उद्योग जिनके लिए संसद ने विधि के द्वारा घोषणा की है कि उन पर संघ का नियंत्रण लोक हित में समीचीन है, जहां तक उनका संबंध शर्करा उद्योग (जिसमें चीनी खांडसारी विकास भी है) से है ।

5. शर्करा के संबंध में अंतर्राज्यिक व्यापार और वाणिज्य ।

6. शर्करा निदेशालय, नई दिल्ली ।

7. राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर ।

8. राष्ट्रीय शर्करा और गन्ना प्रौद्योगिकी संस्थान, मऊ ।

9. शर्करा उद्योग विकास परिषद्, नई दिल्ली से संबंधित मामले ।

10. अंतर्राष्ट्रीय शर्करा परिषद् ।

11. शर्करा विकास निधि ।

12. शर्करा का व्यापार और वाणिज्य और उत्पादन, पूर्ति तथा वितरण ।

13. शर्करा का मूल्य नियंत्रण ।'

(ज) 'विदेश मंत्रालय' शीर्ष के अधीन, मानव अधिकार से संबंधित प्रविष्टि 44 एवं तद्धीन टिप्पण के पश्चात्, निम्नलिखित प्रविष्टि जोड़ी जाएगी, अर्थात् :-

'45. मुख्य आयुक्त (अनिवासी भारतीय) । '

(झ) 'खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय' शीर्ष और उससे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा।

(ञ) 'स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय' शीर्ष और तद्धीन उपशीर्ष एवं प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष और उपशीर्ष तथा तत्संबंधी प्रविष्टियां अंत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात् –

'भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय'

क. भारी उद्योग विभाग

1. हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लि0, रांची ।

2. माइनिंग एंड ऐलाइड मशीनरी कारपोरेशन लि0, दुर्गापुर ।

3. इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस (इंडिया) लि0 ।

4. भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि0 ।

5. एच0एम0टी0 बियरिंग लि0 ।

6. एम0एम0टी0 लि0 ।

7. एम0एम0टी0 इंटरनेशनल लि0 ।

8. स्कूटर्स इंडिया लि0 ।

9. मारूति उद्योग लि0 ।

10. एन्ड्रयू यूल एंड कं0 लि0 ।

11. भारत ऑफथाल्मिक ग्लास लि0 ।

12. भारत लैदर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि0 ।

13. सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया लि0 ।

14. साइकिल कारपोरेशन आफ इंडिया लि0 ।

15. हिन्दुस्तान केबल्स लि0 ।

16. हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लि0 ।

17. हिन्दुस्तान फोटो फिल्म्स मैन्यूफैक्चरिंग कं0 लि0 ।

18. हिन्दुस्तान साल्ट्स लि0 ।

19. हुगली प्रिंटिंग कं0 लि0 ।

20 इंस्ट्रूमेंटेशन लि0 ।

21. मांड्या नेशनल पेपर मिल्स लि0 ।

22. नागालैंड पल्प एंड पेपर कं0 लि0 ।

23. नेशनल बाइसिक्किल कारपोरेशन आफ इंडिया लि0 ।

24. नेशनल इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0 ।

25. नेशनल इंस्ट्रूमेंट्स लि0 ।

26. एन0ई0पी0ए0 लिमिटेड ।

27. राजस्थान इलेक्ट्रानिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लि0 ।

28. हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लि0 ।

29. दामोदर सीमेंट एंड स्लैग लि0 ।

30 टेनरी एंड फुटवीयर कारपोरेशन आफ इंडिया लि0 ।

31. टायर कारपोरेशन ऑफ इंडिया ।

32. प्राग टूल्स लिमिटेड ।

33. रिहेबिलिटेशन इंडस्ट्रीज कारपोरेशन ।

34. सांभर साल्ट्स लि0 ।

35. फ्लूइड कंट्रोल रिसर्च इंस्टीट्यूट ।

36. भारत भारी उद्योग निगम लि0 ।

समनुषंगी :

(i) भारत ब्रेक्स एंड वाल्वज लिमिटेड ।

(ii) भारत प्रोसेस एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स लिमिटेड ।

(iii) भारत वैगन एंड इंजीनियरिंग कं0 लि0 ।

(iv) ब्रेथवेट एंड कं0 लि0 ।

(v) बर्न स्टेंडर्ड कं0 लि0 ।

(vi) जेसप एंड कं0 लि0 ।

(vii) दि लैगन जूट मशीनरी कं0 लि0 ।

(viii) ब्रेथवेट , बर्न एंड जैसप कंस्ट्रक्शन लि0 ।

(ix) रेरोल बर्न लि0 ।

(x) वेबर्ड (इंडिया) लि0 ।

37. भारत यंत्र निगम लि0 ।

समनुषंगी :

(I) त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लि0, इलाहाबाद ।

(ii) तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्टस (इंडिया) लिमिटेड ।

(iii) भारत हैवी प्लेट्स एंड वैसल्स लि0 ।

(iv) भारत पंप्स एंड कम्प्रेसर्स लि0 ।

(v) रिचर्डसन एंड क्रुडास (1972) लि0 ।

(vi) ब्रिज एंड रूफ कंपनी ।

अन्य विषय

38. इस सूची में सम्मिलित किए गए विषयों के अंतर्गत आने वाली पब्लिक सेक्टर परियोजनाएं उन परियोजनाओं के सिवाय, जो किसी अन्य विभाग को विनिर्दिष्ट रूप से आबंटित है।

39. सभी उद्योगों के लिए भारी इंजीनियरिंग उपस्कर का विनिमार्ण ।

40. भारी विद्युत इंजीनियरी उद्योग ।

41. मशीनरी उद्योग जिसके अंतर्गत मशीनी औजार और इस्पात विनिर्माण भी है ।

42. आटो उद्योग, जिसके अंतर्गत ट्रैक्टर और मिट्टी हटाने वाले उपस्कर भी हैं ।

43. सभी प्रकार के डीजल इंजन ।

ख. लोक उद्यम विभाग

1. लोक उद्यम ब्यूरो जिसके अंतर्गत औद्योगिक प्रबंध पूल भी है ।

2. सभी पब्लिक सेक्टर और वाणिज्यिक उपक्रमों को प्रभावित करने वाली गैर-वित्तीय प्रकृति के साधारण नीतिगत विषयों का समन्वय ।

3. विनिवेश आयोग ।

(ट) 'मानव संसाधन विकास मंत्रालय' शीर्ष के अधीन, उपशीर्ष और तद्धीन प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित उपशीर्ष और उनसे संबंधित प्रविष्टियां रखी जाएंगी अर्थात्,

क. प्रारंभिक शिक्षा और साक्षरता विभाग

1. पूर्व - प्राथमिक शिक्षा ।

2. प्रारंभिक शिक्षा ।

3. बुनियादी शिक्षा ।

4. बालभवन, बालचर संग्रहालय ।

5. सामाजिक शिक्षा और प्रौढ शिक्षा ।

6. इस सूची में प्रविष्टियों के संदर्भ में श्रव्य एवं दृश्य शिक्षा ।

7. इस सूची में मदों के बावत पुस्तकें (उन पुस्तकों से भिन्न, जिनसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय का संबंध है) और पुस्तक विकास (लेखन -कागज और अखबारी कागज उद्योग, जिससे वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का संबंध है, को छोड़कर)।

8. इस सूची में मदों के बाबत शैक्षिक अनुसंधान ।

9. इस सूची की मदों के संदर्भ में प्रकाशन, सूचना और आंकड़े ।

10. इस सूची की मदों के संदर्भ में शिक्षकों को प्रशिक्षण ।

11. बहुभाषी शब्दकोषों सहित हिन्दी का विकास एवं प्रसार ।

12. हिन्दी के शिक्षण और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता देना ।

13. इस विभाग द्वारा व्यवहृत विषयों से संबंधित पूर्त और पूर्त संस्थाएं, पूर्त व धार्मिक विन्यास ।

14. इस सूची में विनिर्दिष्ट किसी भी विषय से संबंधित सभी सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालय अथवा अन्य संगठन ।

ख. माध्यमिक शिक्षा और उच्चतर शिक्षा विभाग

1. माध्यमिक शिक्षा, और व्यावसायिक मार्गदर्शन ।

2. विश्वविद्यालय शिक्षा; केन्द्रीय विश्वविद्यालय; ग्रामीण उच्चतर शिक्षा; उच्चतर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, विश्वविद्यालय शिक्षा की योजना और विकास से संबंधित विदेशी सहायता कार्यक्रम ।

3. उच्चतर विद्या (विश्वविद्यालय से भिन्न) की संस्थाएं ।

4. इस सूची में मदों के बावत पुस्तकें (उन पुस्तकों से भिन्न, जिनसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय का संबंध है) और पुस्तक विकास (लेखन -कागज और अखबारी कागज उद्योग, जिससे वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का संबंध है, को छोड़कर)।

5. इस सूची की मदों के संदर्भ में श्रव्य एवं दृश्य शिक्षा ।

6. प्रादेशिक भाषाओं में विश्वविद्यालय स्तर की पाठ्य-पुस्तकें तैयार करना ।

7. प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957 (1957 का 14) और प्रतिलिप्याधिकार विषयक अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन ।

8. शैक्षिक अनुसंधान ।

9. प्रकाशन, सूचना और सांख्यिकी ।

10. अध्यापक प्रशिक्षण ।

11. बहुभाषीय शब्दकोषों सहित हिन्दी का विकास और प्रसार ।

12. हिन्दी के शिक्षण और संवर्धन के लिए वित्तीय सहायता देना ।

13. संस्कृत का प्रचार और विकास ।

14. विस्थापित अध्यापकों और विद्यार्थियों के पुनर्वास की तथा अन्य समस्याएं ।

15. केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ।

16. संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संघ (युनेस्को) और युनेस्को से सहयोगार्थ भारतीय राष्ट्रीय आयोग ।

17. इस विभाग द्वारा व्यवहृत विषयों में सभी छात्रवृत्तियों से संबंधित मामले जिनमें अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों, अधिसूचना से निकाले गए , यायावर और अर्ध-यायावर जन-जातियों के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियां तथा साधारण छात्रवृत्ति योजनाएं एवं विदेशी विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियां और विभिन्न योजनाएं नहीं आती हैं ।

18. इस विभाग द्वारा व्यवहृत विषयों में दूसरे देशों और विदेशी अभिकरणों द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियों सहित सभी छात्रवृत्तियां किन्तु इसके अंतर्गत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, अधिसूचना से निकाले गए, यायावर और अर्धयायावर जनजातियों के विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियां और साधारण छात्रवृत्ति स्कीम तथा विभिन्न स्कीमों के अधीन विदेशी विद्यार्थियों को दी जाने वाली छात्रवृत्तियां नहीं आती हैं ।

19. विदेशस्थ भारतीय विद्यार्थियों की शिक्षा और कल्याण; विदेशस्थ भारतीय मिशनों के शिक्षा विभाग; विदेशस्थ शिक्षा संस्थाओं और भारतीय विद्यार्थी संगमों को वित्तीय सहायता ।

20. शैक्षिक विनियम कार्यक्रम; अध्यापकों; आचार्यों; शिक्षाविदों; वैज्ञानिकों; प्रौद्योगिकीविदों, आदि का विनियम, भारत और विदेशों के बीच विद्योपासकों के विनियम का कार्यक्रम।

21. विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों और उच्चतर शिक्षा संस्थाओं के अध्यापकों को विदेशों में नियुक्ति स्वीकार करने की अनुमति प्रदान करना ।

22. भारतीय संस्थाओं में विदेशी विद्यार्थियों का प्रवेश ।

23. पूर्त और पूर्त-संस्थाएं, इस विभाग में व्यवहृत विषयों के संबंध में पूर्त और धार्मिक विन्यास ।

24. विश्वविद्यालय और शिक्षा संस्थाओं में उच्चतर गणित, न्यूक्लीय विज्ञान और परमाणु ऊर्जा में अनुसंधान से भिन्न तदर्थ वैज्ञानिक अनुसंधान ।

25. विज्ञान मंदिर ।

26. गणित, न्यूक्लीय विज्ञान और परमाणु ऊर्जा से भिन्न क्षेत्रों में अध्ययन के लिए विदेश जाने वाले वैज्ञानिकों को आंशिक वित्तीय सहायता के बारे में साधारण नीति ।

27. तकनीकी शिक्षा का विस्तार, विकास और समन्वय ।

28. योजना और स्थापत्य स्कूल ।

29. प्रादेशिक मुद्रण स्कूल ।

30. तकनीकी शिक्षा के लिए राज्य सरकारों की संस्थाओं, गैर – सरकारी संस्थाओं, संघ राज्य क्षेत्रों के वृत्तिक निकायों और तकनीकी संस्थाओं को सहायता अनुदान । बुनियादी विज्ञानों में स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए सहायता अनुदान; शैक्षिक संस्थाओं में उच्चतर वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय शिक्षा के विकास और अनुसंधान के लिए सहायता अनुदान; विज्ञान और प्रौद्यागिकी में मूल अनुसंधान के लिए सहायता अनुदान; मूल अनुसंधान के लिए व्यक्तियों को अनुदान ।

31. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ।

32. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की राष्ट्रीय डिप्लोमा और राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र परीक्षाओं का संचालन् ।

33. इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधाएं ।

34. भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर भर्ती के प्रयोजन के लिए वृत्तिक/तकनीकी अर्हताओं की मान्यता ।

35. राष्ट्रीय अनुसंधान आचार्य पद और अध्येतावृत्ति ।

36. भारत में वृत्तिक और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रों में विदेशी परीक्षा का आयोजन ।

37. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ।

38. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् ।

39. राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ।

40. भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कालेज, हैदराबाद ।

41. भारतीय खान तथा अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान स्कूल, धनबाद ।

42. खड़गपुर, मुंबई, कानपुर, चेन्नई और दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ।

43. भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर ।

44. टाटा समाज विज्ञान संस्थान, मुंबई ।

45. भारत में और विदेश में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी गृह ।

46. इस सूची में विनिर्दिष्ट विषयों में किसी से संबंधित अन्य सभी संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय या अन्य संगठन ।

47. आधुनिक भारतीय भाषाओं के संवर्धन के लिए स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता देने के लिए योजनाएं ।

ग. महिला और बाल विकास विभाग

1. परिवार कल्याण ।

2. महिला और बाल कल्याण और इस विषय के संबंध में अन्य मंत्रालयों और संगठनों के कार्यकलापों का समन्वय ।

3. महिलाओं और बच्चों के दुर्व्यापार के बारे में संयुक्त राष्ट्र संघ से प्राप्त संदर्भ ।

4. विद्यालय प्रवेश से पूर्व के शिशुओं की देखभाल ।

5. राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम का समन्वय, प्राग्विद्यालय बालाकों का आहार पोषण और महिलाओं को पोषाहार शिक्षा ।

6. इस विभाग को आबंटित विषयों से संबंधित पूर्त और धार्मिक विन्यास ।

7. इस विभाग को आबंटित विषयों के संबंध में स्वैच्छिक उद्यम का संवर्धन और विकास।

8. इस सूची में विनिर्दिष्ट विषयों में से किसी से संबंधित अन्य सभी संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय अथवा अन्य संगठन ।

9. अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 (1956 का 104) का प्रशासन ।

10. दहेज निषेध अधिनियम, 1961 (1961 का 28) ।

11. कोआपरेटिव अमेरिकन रिलीफ एवरीवेयर (सी0ए0आर0आई) के कियाकलापों का समन्वय ।

12. महिलाओं और बच्चों के कल्याण से संबंधित योजना, अनुसंधान मूल्यांकन, मानिटर करना, परियोजना बनाना, आंकड़े और प्रशिक्षण ।

13. संयुक्त राष्ट्र संघ बाल निधि (यूनिसेफ) ।

14. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड (के0स0क0बो0) ।

15. राष्ट्रीय लोक सहयोग और बाल विकास संस्थान (एन0आई0पी0सी0सी0डी0) ।

16. खाद्य और पोषण बोर्ड ।

17. (i) समनुषंगी और संरक्षित खाद्य पदार्थों का विकास और उन्हें लोकप्रिय बनाना।

(ii) पोषण का विस्तार ।';

(ठ) ' उद्योग मंत्रालय ' शीर्ष और उपशीर्ष तथा तद्धीन प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा;

(ड) 'सूचना और प्रसारण मंत्रालय ' शीर्ष और तद्धीन प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष और उससे संबंधित प्रविष्टियां अंत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात् –

'सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

1. सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित नीतिगत मामले ।

2. ज्ञान - आधारित उद्यमों का संवर्धन ।

3. इलेक्ट्रानिकी का विकास और उसके विभिन्न प्रयोगकर्ताओं के बीच समन्वय ।

4. इस मंत्रालय के नियंत्राणाधीन कार्मिकों से संबंधित सभी मामले ।

5. इलेक्ट्रानिकी संसाधन उपकरण (कम्प्यूटर) से संबंधित आवश्यकताओं का समन्वय।

6. सिलिकॉन सुविधा से संबंधित सभी मामले ।

7. कम्प्यूटर आधारित सूचना, प्रौद्योगिकी और प्रकमण संबंधी सभी मामले, जिनके अंतर्गत हार्डवेयर और साफ्टवेयर, प्रक्रियाओं का मानकीकरण तथा अंतर्राष्ट्रीय निकायों, जैसे आई0एफ0आई0पी0, आई0बी0आई0 और आई0सी0सी0 से सुसंगत मामले भी हैं ।

8. इंटरनेट का संवर्धन ।

9. ई-कामर्स का संवर्धन ।

10. सूचना प्रौद्योगिकी शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा का संवर्धन ।

11. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र ।

12. इलेक्ट्रानिक एण्ड कम्प्यूटर साफ्टवेयर एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ।

(ढ) 'विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय ' शीर्ष और उपशीर्ष तथा तद्धीन प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष, उपशीर्ष और उनसे संबंधित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् -

'खान और खनिज मंत्रालय

क. कोयला विभाग

1. भारत में कोकिंग और नान-कोकिंग कोयले तथा लिग्नाइट के भंडारों का खोज और विकास ।

2. कोयले के उत्पादन, पूर्ति, वितरण और कीमतों से संबंधित सभी मामले ।

3. इस्पात विभाग जिनके लिए जिम्मेदार है उनसे भिन्न कोयला वाशरियों का विकास और प्रचालन ।

4. कोयले का निम्न ताप पर कार्बनीकरण और कोयले से संशलिष्ट तेल का उत्पादन।

5. कोयला खान (संरक्षण और विकास) अधिनियम, 1974 (1974 का 28) का प्रशासन।

6. कोयला खान भविष्य निधि संगठन ।

7. कोयला खान कल्याण संगठन ।

8. कोयला खान भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1948 (1948 का 46) का प्रशासन ।

9 कोयला खान श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1947 (1947 का 32) का प्रशासन ।

10 खानों से उत्पादित और प्रेषित कोक और कोयले पर उत्पाद शुल्क के उद्ग्रहण और संग्रहण के लिए तथा बचाव निधि के प्रशासन के लिए खान अधिनियम, 1952 (1952 का 32) के अन्तर्गत नियम ।

11 कोयला-धारक क्षेत्र (अधिग्रहण और विकास) अधिनियम, 1957 (1957 का 20) का प्रशासन ।

12. कोयले और लिग्नाइट से संबंधित पब्लिक सेक्टर के उद्यम ।

13. खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम ,1957 (1957 का 67) तथा अन्य केन्द्रीय कानूनों का प्रशासन जहां तक कि उक्त अधिनियम और कानूनों का संबंध कोयले और लिग्नाइट और भरणार्थ बालू से है, इस प्रकार के प्रशासन से आनुषंगिक कार्य जिसमें विभिन्न राज्यों से संबंधित प्रश्न शामिल हैं ।

ख. खान विभाग

1. (i) भारत के राज्य क्षेत्र के भीतर खानों के विनियमन और खनिजों के विकास के लिए विधायन, जिसके अंतर्गत राज्यक्षेत्रीय सागर खंड या महाद्वीपीय मग्नतट भूमि या भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र और अन्य सामुद्रिक क्षेत्र जो संसद द्वारा बनाई गई किसी विधि द्वारा या उसके अधीन समय-समय पर विनिर्दिष्ट किया जाए, के भीतर समुद्र अधःशायी खानें और खनिज भी हैं।

(ii) कोयला, लिग्नाईट और भरणार्थ बालू तथा संघ के नियंत्राणाधीन विधि द्वारा यथाघोषित परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) के प्रयोजन के लिए विहित पदार्थों के रूप में घोषित कोई खनिज से भिन्न खानों का विनियमन और खनिजों का विकास, जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्यों में खनिजों के विनियमन और विकास से संबंधित प्रश्न और उससे संसक्त या उसके आनुषांगिक मामले भी हैं ।

2. सभी ऐसे अन्य धातु और खनिज, जो विनिर्दिष्टतया किसी अन्य मंत्रालय/विभाग को आबंटित नहीं है जैसे अल्युमिनियम,जस्ता,तांबा, सोना,हीरा, सीसा और निकल ।

3. इस विभाग द्वारा व्यवहृत सभी उद्योगों की योजना, विकास और नियंत्रण तथा सहायता।

4. भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण ।

5. भारतीय खान ब्यूरो ।

6. इस सूची में विनिर्दिष्ट विषयों में से किसी से संबंधित संभी अन्य संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालय या अन्य संगठन ।

7. दि सिक्किम माइनिंग कारपोरेशन लिमिटेड ।

8. जो किसी अन्य विभाग को विनिर्दिष्टतया आबंटित किए गए है, उनके सिवाय इस सूची में सम्मिलित किए गए विषयों के अधीन आने वाले पब्लिक सैक्टर उद्यम और उपक्रम।

9. मैटलार्जिकल ग्रेड सिलिकोन ।

(ण) ''पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय' शीर्ष और तद्धीन प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष और तत्संबंधी प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जाएंगी, अर्थात् -

'योजना मंत्रालय'

राष्ट्रीय आयोजना के विषयों के संबंध में संसद् के प्रति उत्तरदायित्व ।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

1. देश में सांख्यिकी प्रणाली के एकीकृत विकास की योजना बनाने के लिए एक केन्द्रीय (नोडल) अभिकरण के रूप में कार्य करना ।

2. भारत सरकार के विभागों और राज्य सांख्यिकी ब्यूरो (एस एस बी) के सांख्यिकी या आंकडों की उपलब्धता की अतारतम्यता या उनकी पुनरावृत्ति का पता लगाने की दृष्टि से सांख्यिकीय कार्य में समन्वय करना तथा आवश्यक उपचारात्मक उपाय सुझाना ।

3. सांख्यिकी के क्षेत्र में आंकडों के, जिसमें संग्रहण, प्रसंस्करण की संरचना और परिभाषाएं, कार्य प्रणाली और परिणामों का प्रसार भी है, सन्नियमों तथा मानकों को अधिकथित करना और उनका अनुरक्षण ।

4. भारत सरकार के विभागों को सांख्यिकीय पद्धति और आंकडों के सांख्यिकीय विश्लेषण के बारे में सलाह देना ।

5. राष्ट्रीय/क्षेत्रीय लेखा तैयार करना और साथ ही राष्ट्रीय उत्पाद,सरकारी और निजी अंतिम खपत व्यय, पूंजी निर्माण, बचत, पूंजीगत स्टाक का प्राक्कलन और नियत पूंजी की खपत तथा उपरि क्षेत्रीय (सुपरा-रीजनल) सेक्टरों के राज्य स्तरीय सकल पूंजी निर्माण के भी राष्ट्रीय प्राक्कलन प्रकाशित करना तथा चालू कीमतों पर राज्य घरेलू उत्पाद के तुलनात्मक प्राक्कलन तैयार करना ।

6. तुरंत प्राक्कलन के रूप में प्रतिमास औद्योगिक उत्पादन सूचकांक संकलित करना और जारी करना; उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण करना ;और संगठित विनिर्माणकारी (कारखाना) सेक्टर की वृद्धि, संरचना और ढांचे में परिवर्तनों के निर्धारण और मूल्यांकन के लिए सांख्यिकीय जानकारी उपलब्ध कराना ।

7. अखिल भारतीय कालिक आर्थिक संगणना का आयोजन और संचालन करना और नमूना सर्वेक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना ।

8. रोजगार, उपभोक्ता व्यय,आवासन परिस्थितियां और पर्यावरण, साक्षरता स्तर,स्वास्थ्य,पोषाहार,परिवार कल्याण, आदि जैसे विविध सामाजिक- आर्थिक क्षेत्रों के विभिन्न जनसंख्या समूहों के फायदों के लिए विशिष्ट समस्याओं के प्रभाव के अध्ययनार्थ आवश्यक डाटा बेस सृजित करने के लिए बड़े पैमाने पर अखिल भारतीय नमूना सर्वेक्षणों का संचालन करना ।

9. सर्वेक्षण रिपोर्टों की तकनीकी दृष्टि से समीक्षा करना और राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन तथा अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों द्वारा किए जाने वाले सर्वेक्षणों के संबंध में सर्वेक्षण साध्यता अध्ययनों/तकनीकी विश्लेषणात्मक अध्ययनों सहित,उपयुक्त नमूना अभिकल्प का मूल्यांकन करना ।

10. विभिन्न सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षणों के माध्यम से संग्रहित किए गए आंकड़ों पर आगामी कार्रवाई के लिए कार्यालय में ही सुविधा उपलब्ध कराना और राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन तथा केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा संचालित आर्थिक संगणना के सर्वेक्षणों पर अनुवर्ती कार्रवाई करना ।

11. सरकारी/अर्ध-सरकारी या निजी डाटा प्रयोगकर्ताओं/अभिकरणों को अनेक नियमित या तदर्थ प्रकाशनों के माध्यम से विभिन्न पहलुओं पर सांख्यिकीय सूचना का प्रसार करना, और संयुक्त राष्ट्र अभिकरणों जैसे यूनाइटेड नेशन्स स्कूल आर्गेनाईजेशन, एकोनामिक एण्ड सोशल कमीशन फार एशिया और दि पेशिफिक एण्ड इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाईजेशन, और अन्य सुसंगत अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों को, उनके अनुरोध पर, डाटा प्रसारित करना ।

12. विशेष अध्ययन या सर्वेक्षण, सांख्यिकीय रिपोर्टों का मुद्रण और शासकीय सांख्यिकीय के विभिन्न विषय क्षेत्रों से संबंधित वित्त संगोष्ठी/कार्यशाला/सम्मेलन करने के लिए प्रख्यात रजिस्ट्रीकृत गैर-सरकारी संगठनों और अनुसंधान संस्थानों को सहायता अनुदान देना ।

13. संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण के रूप में कार्य करना तथा भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रबंधन, जिसमें प्रशिक्षण, व्यवसाय आयोजन और जनशक्ति आयोजन से संबंधित सभी मामले हैं, के मुख्य पहलुओं की बाबत कार्य करना ।

14. भारतीय सांख्यिकी संस्थान और भारताय सांख्यिकीय संस्थान अधिनियम,1959 (1959 का 57) के उपबंधों के अनुसार, उसके कृत्य सुनिश्चित करना ।

15. बीस सूत्री कार्यक्रम की मानीटरी करना ।

16. आधारभूत संरचना सेक्टरों के कार्य- निष्पादन की मानीटरी करना; और

17. बीस करोड़ रुपए और उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं की मानीटरी करना।';

(त) 'योजना और कार्यक्रम मंत्रालय' शीर्ष और उपशीर्ष '(क) योजना विभाग और '(ख) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग' और उनसे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा ;

(थ) 'ग्रामीण विकास मंत्रालय' शीर्ष के अंतर्गत,-

(द) 'क. ग्रामीण विकास विभाग' उपशीर्ष के अंतर्गत 3 से 5 तक की प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा ;

(ध) 'ख. भूमि संसाधन विभाग' उपशीर्षक और तद्धीन प्रविष्टियों के पश्चात् , निम्नलिखित उपशीर्ष और उनसे संबंधित प्रविष्टियां अंत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात् :-

ग. पेय जल पूर्ति विभाग

1. ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित (जल संसाधन मंत्रालय को सौपे गए जल योजना और समन्वय के संपूर्ण राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के अधीन रहते हुए) जल प्रदाय, मल व्ययन, जल निकास और स्वच्छता ; इस क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी सहायता ।

2. लोक सहकारिता, जिसके अंतर्गत ग्रामीण विकास के लिए स्वयंसेवी अभिकरणों और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि से संबंधित सब विषय भी हैं ।

3. इस सूची की मदों से संबंधित सहकारी समितियां ।

4. शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जल आपूर्ति से संबंधित विषयों के संबंध में समन्वय ।';

(न) 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ' शीर्ष और उपशीर्षों तथा तद्धीन प्रविष्टियों के पश्चात्, निम्नलिखित शीर्ष और उससे संबंधित प्रविष्टियां अत:स्थापित की जाएंगी, अर्थात्:

'लघु उद्योग और कृषि एवं ग्रामीण उद्योग मंत्रालय'

1. लघु उद्योगों के विकास का समन्वय :

(i) लघु उद्योग बोर्ड ।
(ii) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड ।
(iii) उन स्थानों में जहां पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों का भारी संकेन्द्रण है, नियोजन की व्यवस्था करने के लिए नए उद्योगों की स्थापना ।

2. ग्राम और कुटीर उद्योग ।

